NATIONAL HOUSING BANK

Azadi Ka Amrit Mahotsav

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

दिनांक: 25 जनवरी, 2023

पुणे, महाराष्ट्र में राष्ट्रीय आवास बैंक का लोकसपंर्क कार्यक्रम "जनता से जुड़ना"

राष्ट्रीय आवास बैंक ने दिनांक 25 जनवरी, 2023 को *यशवंतराव चव्हाण एकेडमी ऑफ डेवलपमेंट एडमिनिस्ट्रेशन, (यशदा),* ***पुणे*** में "***जनता से जुड़ना***" की थीम के अंतर्गत "आजादी का अमृत महोत्सव" के समारोह के एक भाग के रूप में लोकसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया।

श्री राहुल भावे, कार्यपालक निदेशक, राष्ट्रीय आवास बैंक, श्री आरडी देशमुख, सदस्य सचिव, एसएलबीसी महाराष्ट्र और श्री अतुल जैन, एमडी और सीईओ, बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड सहित वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में बैंकों, आवास वित्त कंपनियों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, सहकारी बैंकों आदि के 80 से अधिक अधिकारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र और देश में आवास एवं आवास वित्त से संबंधित विषय पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान इस ओर विशेष बल दिया गया कि सभी प्रतिभागियों जैसे बैंकों और आवास वित्त कंपनियों को एक साथ तालमेल बनाने की आवश्यकता है जिससे कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किफायती आवास वित्त सभी के लिए विशेष रूप से जनसँख्या के निचले तबकों को आसानी से उपलब्ध और सुलभ हो। सभी प्रतिभागियों ने देश में आवास एवं आवास वित्त क्षेत्र में योगदान करने तथा सभी वर्गों के लिए "सबके लिए आवास" को वास्तविकता में परिवर्तित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दर्शायी।

"JANATA SE JUDNA"
January 25, 2023
Pune

KA AMRIT MAHOTSAV
ONAL HOUSING BANK
Welcomes you to
each Programme on
Housing Finance
ATA SE JUDNA"
anuary 25, 2023
Pune

NATIONAL HOUSING BANK

Azadi Ka Amrit Mahotsav

****